

## एक नजर में

### स्वामी श्री विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज का आगमन आज

**कन्नौद।** देवास जिले के कन्नौद मे दिनांक 12 13 तथा 14 जुलाई को परंपरागत रूप से झूलोत्सव का आयोजन होगा प्रतिवर्ष श्रावण मास की दूज तीज तथा चतुर्थी को झूलोत्सव का आयोजन श्रद्धा भक्ति तथा उत्साह के साथ डिडवाना मठ श्री वेकटेंश देवस्थान इंदौर के जगतगुरु 1008 स्वामी श्री विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य मे मनाया जाता है भगवान श्री लक्ष्मी वेकटेंश प्रभु की कृपा तथा आचार्यो के पावन आशिर्वाद से इस वर्ष दूज 12 जुलाई को शाम 7 बजे से राजबाडा चौक पर स्थित हवेली पर गुरुपाद पूजन का आयोजन किया जायेगा तथा तीज और चतुर्थी दिनांक 13 तथा 14 जुलाई को रात्री आठ बजे से माहेश्वरी भवन रामवल्लभ मंदिर मे झूलोत्सव का आयोजन होगा जिसमे स्वामी जी के सानिध्य भगवान श्री गोपाल कृष्ण को झूले मे झूलाया जायेगा तथा भजनो की शानदार प्रस्तुति दी जायेगी इस आयोजन मे कन्नौद क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधुओं से उपस्थित होकर पुण्य अर्जित करने की अपील वैष्णव भक्त मंडल द्वारा की गयी है।

### गुरुपुर्णिमा पर गुरुओं का पूजन कर अभिनंदन किया

**कन्नौद।** स्थानीय नगर स्थित श्री बडकेश्वर महादेव मंदिर मे पं रमेश चन्द शर्मा के सानिध्य मे गुरु पूजन कार्यकम श्रद्धा भक्ति तथा उत्साह के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम भगवान दत्तात्रेय तथा गजानन महाराज और महादेव जी के पूजन के बाद महाआरती की गई। सम्मान समारोह मे प्रख्यात विद्वान पंडित पं आदर्श शर्मा गुरुजी एव किशोर व्यास का शाल श्री फल भेट कर अभिनंदन किया गया। गुरु पूजन हरिश शर्मा ,कमलेश शर्मा ने व मंत्रोच्चार पं अभिषेक उपाध्याय ने किया। कार्यकम मे हरिप्रसाद उपाध्याय श्यामलाल तिवारी, गोविंद तिवारी रामानंद उपाध्याय , गौरव शर्मा, हरिश दूबे , राजकुमार मोदी, रिंकू शर्मा , सत्य नारायण गुप्ता व व्यक्ति मौजूद थे।

### गौ माता की याद में एक पेड़ मां के नाम लगाया

**देवास।** संस्था मंगलनाथ परिवार के कृष्णा सोनी व समाजसेवी मोंटी जाधव ने बताया कि आवास नगर के तुलजा विहार गेट के सामने कोई अज्ञात चार पहिया वाहन गौ माता को टक्कर मार के चला गया उसमें गौ माता की मृत्यु हो गई। संस्था के सदस्य एवं रहवासियों द्वारा जेसीबी मशीन बुलवाकर गड्ढा खोदकर गौ माता का विधि विधान से अंतिम संस्कार कर उसी स्थान पर एक पेड़ मां के नाम से उनकी याद में लगाया। इस अवसर पर राजेश सोनी, कैलाश पांचाल, देवेंद्र मोरे शैलू, विनोद पाठक, बसंत वर्मा, लाला सोलंकी, सनी कारपेंटर, नीतेश सोनी, प्रज्वलित सिंह चौहान, वीरेंद्र परमार, सुमित जलवाया, पृथ्वीराज चौहान, नागेश परिहार, धीरज, अंश विश्वकर्मा, दीपक सिंह ,रुद्राक्ष, सुधीर, नरेंद्र, कुलदीप, शिवराज, शरद, विकास खत्री, शुभम पांचाल, दीपक विश्वकर्मा, अभिषेक तुषार, कृष्णपाल परिहार, देवेंद्र सिंह, रुद्र प्रताप आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी नीतेश सोनी ने दी।

### कुएं में मिली लापता युवक की लाश

**सतवास।** सतवास थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलकोटा टप्पर की घटना है यहां एक 15 ,, 16 वर्षीय विशाल पिता महेश योगी गुरुवार सुबह 10बजे अपने घर से घास पत्तियां लेने गया था परन्तु वह देर शाम तक घर नहीं लौटा तो आस पास तालाश की गई परन्तु कोई पता नहीं चला तो परिवार जनों द्वारा गुरुवार रात 8 बजे सतवास थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थाना प्रभारी वीडी वीरा ने बताया कि रिपोर्ट के तत्काल बाद अपनी पुलिस जवानों के साथ आस पास तलाशी की गई रात करीब 10बजे के दरमियान एक कुएं में रस्सी में काटे बांध कर डाला गया जिससे विशाल के कपड़े उलझ गए जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया तो वह लापता युवक विशाल योगी का शव निकला शव देख परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया शव को सतवास अस्पताल लाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया पुलिस जांच कर रही है।

### सतवास से खाटूधाम के लिए पैदल निकले युवा

**सतवास।** क्षेत्र से खाटू धाम श्याम बाबा के दर्शन के लिए हर माह सैकड़ों श्रद्धाल राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए जाते है पूरे देश से लाखों लोग अपनी अपनी अर्जी लगाने कोई बस से तो कोई ट्रेन से कोई कार जीप मोटर सायकिल से खाटू धाम पहुंचता है,लेकिन सतवास के उत्तम पटेल अपने तीन अन्य साथी पुष्पक पटेल , दिनेश नायक, करण के साथ सतवास से लगभग साढ़े छह सो सात सौ किलोमीटर पैदल जा रहे हैं। घर से माता पिता का आशीर्वाद लेकर सतवास के तेजाजी महाराज के मंदिर में पूजन कर यात्रा प्रारंभ की। सतवास बस स्टैंड पर चंदू पटेल, डा राजेश यादव,जगदीश राठौर पार्षद, किशोर राव, जीतू गुर्जर, आनन्द गुर्जर आदि ने स्वागत किया।

### कन्या विद्यालय में मनाया गुरूपूर्णिमा पर्व

**लोहारदा।** कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लोहारदा में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदन के साथ हुई। इस अवसर पर नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों रेवाशंकर तिवारी, बद्री प्रसाद मालवीय, रमेश चंद जोशी, सदाशिव साधु एवं अन्य का दुपट्टा, श्रीफल और कलम भेंट कर शाला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी। संकुल प्राचार्य परमानंद मालवीय ने स्वागत भाषण देकर सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गुरु-शिष्य परंपरा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं ने सभी गुरुजनों को सम्मान स्वरूप पेन भेंट कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र मालवीय ने किया एवं आभार प्रदर्शन सुरेंद्र सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### भौरासा मे सहारा कार्यक्रम आयोजित

**भौंरासा।** नगर भौंरासा में संस्था मां शारदा इंदौर के तत्वावधान में द्विवेदी परिवार के माताजी पिताजी एवं स्वर्गीय सुमती जैन इंदौर की स्मृति में नगर में सहारा कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को नगर के श्री बाबा भवरनाथ जी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें सहारा कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद ग्यारह वर्ष तक के 51 बच्चे जिनके पिता नहीं है उन्हें सहायता राशि प्रदान की गई इस अवसर पर संस्था के संरक्षक प्रमोद कुमार द्विवेदी इंदौर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम आप सभी को रोजगार से भी जोड़ना चाहते है ताकि आपको किसी पर आश्रित न रहना पड़े कार्यक्रम में विशेष रूप से इंदौर के पंडित धनीराम तिवारी, एडवोकेट विनोद द्विवेदी , भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर, शिवा मित्तल, आनंदसिंह दरबार, निक्की नामदेव, संस्था के संतोष नामदेव, केदार यादव, जीवन यादव, दशरथसिंह ठाकुर, राजा यादव, आयुष नामदेव, देवेंद्र यादव, मंगलेश चौधरी, दिलीप नामदेव आदि ने सभी का आभार माना ।

### यशवंतराव व्यायामशाला में गुरूपूर्णिमा उत्सव मनाया

**देवास।** श्री यशवंतराव व्यायामशाला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अखाड़े के स्व. उस्तादों की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर उनसे आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन की कामना की। पश्चात वर्तमान उस्ताद भेरूसिंह चौधरी, पदाधिकारी अशोक गायकवाड़, संजय पानसरे एवं वरिष्ठ पहलवानों का भी आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कोच गुरूचरण पहलवान, अभिजीतसिंह बैस, भावेश पहलवान, रितेश पह., मोहन शिंदे, मनीष चौहान सर, संदीप चावड़ा, मुकेश दरबार, अभिषेक अवस्थी, पिंटू पेह. नानु पेह., धर्मेन्द्र चौधरी, दीपक चौधरी, डॉ. दीपक धर्माधिकारी, रंजन देशपांडे सहित व्यायामशाला परिवार व गुरूभक्त उपस्थित रहे।

## निलंबित राजस्व निरीक्षक को स्थानांतरण के बाद उज्जैन में मिली ज्वाइनिंग

**राजस्व विभाग का एक ओर कारनामा**

**रिश्वत की मांग करने पर कलेक्टर ने किया था निलंबित, शासन ने कर दिया स्थानांतरण**

**देवास।** वैसे तो राजस्व विभाग में आए दिन नए कारनामे उजागर होते है और ऐसे कारनामों के चलते अब तक कई पटवारी व राजस्व निरीक्षक निलंबित भी हो चुके है। बावजूद इसके राजस्व विभाग में धांधली व अनियमितता कम होने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा ही एक मामला हाल ही में प्रकाश में आया है। इसके बाद एक बार फिर राजस्व विभाग चर्चा में आ गया है। दरअसल लगभग एक माह पूर्व बागली में पदस्थ राजस्व निरीक्षक मोहन लाल गोयल ने सीमांकन करने के एवज में रुपयों की मांग की थी। इस संबंध में गत 10 जून को कृषक उदयसिंह पिता पदमसिंह निवासी चापड़ा द्वारा कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी और पर्याप्त प्रमाण भी दिये थे। इसके बाद कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने अगले ही दिन 11 जून को राजस्व निरीक्षक मोहन लाल गोयल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच करने के आदेश जारी कर अपर कलेक्टर को जांच अधिकारी व अधीक्षक भू अभिलेख को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया था। कलेक्टर ने विस्तृत जाचं कर रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे। साथ ही निलंबन अवधि में राजस्व निरीक्षक गोयल का मुख्यालय खातेगांव किया गया था, किंतु निलंबन आदेश के अगले ही दिन राज्य शासन ने मोहनलाल गोयल का स्थानांतरण उज्जैन कर दिया था और एकपक्षीय भारमुक्त करने के आदेश दिये थे। इसी आदेश का लाभ उठाते हुए राजस्व निरीक्षक मोहनलाल यादव बागली से न सिर्फ भारमुक्त हो गए, बल्कि उज्जैन जाकर ज्वाइन भी कर लिया। जबकि शासन के नियम है कि निलंबन अवधि में अधिकारी-कर्मचारी किसी अन्य जगह पर जाकर नवीन ज्वाइनिंग नहीं ले सकता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि निलंबित राजस्व निरीक्षक को कलेक्टर द्वारा अभी तक रिलीव नहीं किया गया है, किंतु फिर भी राजस्व निरीक्षक द्वारा उज्जैन जिले में काम किया जा रहा है।

#### इनका कहना है

जिस दिन मुझे निलंबित किया था, उसके अगले ही दिन राज्य शासन ने मुझे उज्जैन स्थानांतरित कर दिया था और एकपक्षीय भारमुक्त भी किया गया था। मैंने भरमुक्त होने के बाद उज्जैन जाकर ज्वाइनिंग कर ली है। साथ ही आरोप पत्र का विधिवत जवाब भी दिया है। मैंने देवास कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विभागीय जांच में जब भी मेरी आवश्यकता होगी, मैं उपस्थित रहूंगा।

**मोहनलाल गोयल**
**राजस्व निरीक्षक**

#### इनका कहना है

यह बात सच है कि निलंबन अवधि में कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अन्य स्थान पर भी ज्वाइनिंग नहीं ले सकते है, किंतु इस मामले में जिन दिन राजस्व निरीक्षक गोयल को निलंबित किया गया था, उसके अगले दिन राज्य शासन ने स्थानांतरण सूची जारी कर दी थी, जिसमें गोयल को उज्जैन स्थानांतरित किया गया था। साथ ही एकपक्षीय भारमुक्त करने के आदेश भी जारी किये थे। शासन के आदेश के सामने हम कुछ नहीं कर सकते है। अब सिर्फ हम गोयल की सर्विस बुक में निलंबन की प्रविष्टि कर रहे है। साथ ही उज्जैन कलेक्टर को पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराएंगे। आगामी जो भी कार्यवाही होगी, वह वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी।


## श्री विश्वकर्मा गुजराती सुतार कल्याणक ट्रस्ट के चुनाव संपन्न



**देवास।** श्री विश्वकर्मा गुजराती सुतार कल्याणक ट्रस्ट के चुनाव में कुल 104 न्यासी सदस्यों में कुल 94 न्यासी सदस्यों द्वारा किए गए मतदान में प्रमोद कारपेंटर को 59 मत, सुनील कारपेंटर को 34 मत प्राप्त हुए तथा एक मत निरस्त हुआ। इस प्रकार प्रमोद कारपेंटर 25 मतों से विजयी हुए।

श्री विश्वकर्मा मंदिर जांगिड़ ब्राह्मण धर्मशाला में प्राधिकृत अधिकारी ओमप्रकाश कारपेंटर, पीठासीन अधिकारी राधावल्लभ कारपेंटर एवं मतदान अधिकारी रमेशचंद्र कारपेंटर उगाईवाले के निर्देशन में संपन्न हुए। प्रमोद कारपेंटर की अध्यक्षता में संरक्षक तथा ट्रस्टीज की बैठक में पूर्व अध्यक्ष रमेश झाला तथा पूर्व कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राधागंज का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। 9 जुलाई 2025 बुधवार को सभी ट्रस्टियों की बैठक में सर्वानुमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया इसमें सचिव विजय( मोनू )शर्मा, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शर्मा ठेकेदार खटांबा वाले, मानकलाल झाला बेराखेड़ी, तथा शंकरलाल विश्वकर्मा चापड़ा। कोषाध्यक्ष देवनारायण शर्मा बघेरावाले। मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा मनोनीत हुए। महिला प्रमुख कल्पना नाग, सह प्रमुख हेमलता वर्मा तथा अनीता मकवाना को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य. राजेश विश्वकर्मा चापड़ा वाले, बाबूलाल कारपेंटर जमोड़ीवाले रानी बाग, हेमंत शर्मा पटलावदा वाले, संतोष शर्मा चुरलाए वाले, निर्मला शर्मा , अपर्णा नाग मनोनीत हुए। आगामी बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

## जनपद पंचायत देवास वार्ड क्र 1 से कांग्रेस प्रत्याशी रमेश राजोरिया निर्विरोध निर्वाचित



**देवास।** जनपद पंचायत सदस्य जितेन्द्र मालवीय की मृत्यु के पश्चात खाली हुए पद के लिए निर्वाचन हुए जिसमें पूर्व महापौर ठा. जयसिंह के नेतृत्व में जनपद पंचायत देवास वार्ड क्र 1 से कांग्रेस प्रत्याशी रमेश राजोरिया सुनवानी गोपाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक कसान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, तंवरसिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश पटेल, सलीम मामू, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा, जनपद सदस्य राकेश खिरनी, कमल गुर्जर, राहुल सर, कालुसिंह दरबार, विष्णु सरपंच,श्याम गौड़,उपाध्यक्ष कलाबाई परमानंद, रामप्रसाद चौधरी, राजकुमार देवड़ा, पोपसिंह परिहार, पार्षद दीपेश कानूनगो, राहुल पंवार, डॉ. रितेश शर्मा ने स्वागत कर बधाई दी।

## रात में स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा, डॉक्टर और स्टाफ से गाली-गलौच, धमकी दी

**डॉक्टर से की अभद्रता, पत्रकार सहित 7 लोगों पर गंभीर आरोप**

**देवास।** टोंकखुर्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंक खुर्द में बुधवार रात्रि करीब 12.30 से 1.30 बजे के बीच बड़ा हंगामा हो गया। पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंचे मरीज के परिजन और उनके साथ आए कथित पत्रकार इस्लाम पटेल ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर प्रतीक तिवारी और अस्पताल स्टाफ के साथ जमकर अभद्रता की, गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और शासकीय कार्य में बाधा डाली। डॉ. प्रतीक तिवारी ने थाने में दी गई लिखित शिकायत में बताया कि रात्रि में 6 से 7 लोग एक मरीज ज़ाकिर कुरैशी (उम्र 50 वर्ष, निवासी टोंक खुर्द) को लेकर अस्पताल आए। प्राथमिक जांच और दवाएं देने के बाद उक्त लोगों ने महिला डॉक्टर की मांग को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान एक महिला मरीज इलाज के लिए आई, तब पत्रकार इस्लाम पटेल और अन्य लोगों ने डॉक्टर से कहा कि महिला मरीज का इलाज करने का आपको अधिकार किसने दिया? और जोर-जबरदस्ती करते हुए धमकी भी दी। डॉ. तिवारी के मुताबिक, पत्रकार ने जबरन मोबाइल कैमरे पर उनकी बाइट भी ली। हंगामा इतना बढ़ गया कि स्टाफ में डर का माहौल बन गया और सभी कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हैं।

#### डॉक्टर और स्टाफ डरे, जनसेवाएं प्रभावित

घटना के बाद से ड्यूटी पर मौजूद सभी कर्मचारी डरे हुए हैं। चिकित्सालय में कार्य करने में असुरक्षा महसूस हो रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो रही हैं। डॉक्टर ने टोंक खुर्द थाना पुलिस से मांग की है कि इस मामले में ज़ाकिर कुरैशी, उनके परिजनों और पत्रकार इस्लाम पटेल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, धमकी और अभद्रता की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए।

#### प्रबंधन सख्त, सुरक्षा की मांग

चिकित्सालय प्रबंधन ने भी स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और पुलिस से रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में सीसी टीवी फुटेज भी सुरक्षित कर ली गई है, जिसे जांच में उपयोग में लाया जा सकता है।

**इनका कहना है**

एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**आलोक सोनी थाना प्रभारी**
**टोकखुर्द**

## फुटबॉल प्रतियोगिता का आरंभ, नीमच ने रतलाम को हराया



**देवास।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं देवास जिला फुटबॉल एसोसिएशन देवास के तत्वावधान में सब जूनियर बॉयज अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन महाराज तुकोजीराव पवार स्टेडियम ( ओलम्पिक ग्राउंड) देवास पर किया जा रहा है। शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि दुर्गेश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि, रवि जैन सभापति नगर निगम देवास एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी जयवीर सिंह भदौरिया थे। अतिथियों का स्वागत सुभाष शर्मा पूर्व महापौर, बिद्युत मालाकर ने किया। सभापति रवि जैन ने कहा कि फुटबॉल खेल ऐसा खेल है जिसमें आखिरी समय तक निर्णय बदल सकता है इसलिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। खेल अधिकारी जयवीर सिंह भदौरिया ने खिलाडियों को खेल भावना से खलने के लिए कहा। खेल में दिमाग और शक्ति दोनों का उचित इस्तेमाल ही जीत का मंत्र है। दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि खेल में कभी किसी की हार नहीं होती हमेशा या तो जीत होती है या फिर सीख होती है जिससे अच्छे खिलाड़ी का निर्माण होता है। मैच की शुरूआत से पहले अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल को किक कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से मदन सिंह धाकड़, अभिमन्यु पाटील, अजय अग्रवाल, नितिन आहूजा, विजेंद्र राणा, अच्युतानंद मालाकर, शैलेन्द्र सांगते, संदीप वर्मा, हेमेंद्र निगम उपस्थित रहे।

पहला मैच नीमच एवं रतलाम के बीच खेला गया जिसमें नीमच ने रतलाम को 05-00 से हराया। मैच में नीमच की ओर से सुशील सुरा ने 04 गोल किए एवं मोहम्मद अली ने एक गोल किया। रतलाम ने कई कोशिश की लेकिन कोई भी गोल नहीं कर सके।

दूसरे मैच रायसेन एवं देवास जिला के बीच मैच खेला गया जिसमें रायसेन ने देवास को 07-00 से हराया। रायसेन की ओर से दो गोल आयुष परिहार ने एवं एक एक गोल पुलकुश शिंदे, हुस्सैनुद्दीन, पार्थ धुर्वे, गीतांश सिंह नेगी एवं अथर्व बलवंशी ने किया। संचालन सुनील बाजपेयी ने किया एवं आभार मदन सिंह धाकड़ ने माना।

## पौधा लगाओ वृक्ष बनाओ अभियान के तहत पौधारोपण किया



**देवास।** शुक्रवार को दावत ए इस्लामी इंडिया की इकाई गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने शहर की दरगाह हजरत महताब शाह वली सरकार और विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया। दावत ए-इस्लामी इंडिया के देवास जिला पर्यवेक्षक अमान रजवी ने बताया कि संस्था द्वारा कई प्रकार के सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं जिनमें से एक पौधरोपण अभियान भी है यह अभियान देश को हरा भरा बनाने और वातावरण को स्वच्छ रखने और देश की सुंदरता बढ़ाने की कोशिश के तहत जुलाई माह में पूरे भारत में चलाया जा रहा है और बड़ी संख्या में पौधे लगाने का काम संस्था द्वारा किया जा रहा है। पौधे लगाने के साथ संस्था के कार्यकर्ता इनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी ले रहे हैं। संस्था द्वारा दिए गए नारे पौधा लगाना है वृक्ष बनाना है पर पूरी तरह अमल किया जा रहा है। इस मौके पर सय्यद अली, मौलाना बरकत मदनी , हाफिज फय्याज, अनस मदनी, कारी इमरान, वसीम भाई अत्तारी आदि मौजूद रहे ।

## महासम्मेलन की प्रेरणा से स्व. गुप्ता के नेत्र दान हुए

**सोनकच्छ।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की सोनकच्छ इकाई द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान प्रकल्प के प्रति नगर एवं आसपास में जनजागृति की लहर चल रही है और नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। 11 जुलाई को श्री नागर चित्तौड़ा समाज के चतुर्भुज गुप्ता के सुपुत्र , अर्पण , अवनि के पिताजी एवं शिक्षिका प्रमिला गुप्ता के पति नेत्रदानी स्व.अनिल जी गुप्ता का असामायिक निधन हो गया। इस गहन दुख की घड़ी के बावजूद भी शोकाकुल परिजनों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। नेत्रदान के लिए एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर को खबर की ,वहां से टेक्नीशियन देवेंद्र ठाकुर ने आकर सफलता पूर्वक नेत्रदान संपन्न कराया। इस पुनीत कार्य के लिए गुप्ता परिवार के शोकाकुल परिजनों को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। नेत्रदान संपन्न करवाने में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी, नेत्रदान प्रभारी हुकमचंद अग्रवाल , राधेश्याम गजेश्वर , मुकेश महाजन का सहयोग रहा। स्व. गुप्ता के नेत्रों से दो नेत्रहीनों को रोशनी मिल सकेगी। नेत्रदान के इस पुनीत कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

## गुरुपूर्णिमा पर्व के साथ कृतज्ञता का प्रतीक हैं : मनोरमा सोलंकी

**देवास।** संस्कार भारती देवास द्वारा गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और संस्कार की भावनाओं के साथ भव्य रूप से मनाया गया। घुंघरू नृत्य महाविद्यालय के सुप्रसिद्ध नृत्यगुरु-संस्कार भारती देवास जिला संयोजक प्रफुल्ल सिंह ने बताया कि अपने गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने वाला यह एक संस्कार उत्सव है। कार्यक्रम की शुरुआत वैष्णवी मेहता और वर्षा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत मधुर गुरुवंदना गान से हुई, जिसकी गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात गुरुवंदना पर कथक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति निष्ठा चावड़ा, वान्या बेंद्रे, आर्व्या यादव, प्रिंस ठाकुर और दिव्यांका शर्मा द्वारा दी गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। श्रीराम स्तुति पर अवंतिका चौहान, यशस्वी चौहान, सिद्धि हलदार और निष्ठा चावड़ा ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि गुरुपूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, यह कृतज्ञता का प्रतीक है क्योंकि जीवन में सफलता केवल किताबों के ज्ञान से नहीं बल्कि एक सच्चे गुरु के मार्गदर्शन से ही मिलती हैं। इस अवसर पर गुणीजन सत्कार व सम्मान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया।

वरिष्ठ शास्त्रीय गायिका संजीवनी कांत, समाज सेविका मनोरमा सोलंकी, पर्यावरणविद एवं इतिहासकार डॉ. रमेशचंद्र सोनी, समाजसेवी एवं कला साधिका प्रेमलता परमार तथा प्रतिष्ठित नृत्यगुरु प्रफुल्ल सिंह गहलोत को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का दायित्व अनुष्का जोशी, मुस्कान गोस्वामी, श्रुति शर्मा, अर्चिता आहूजा, रोहित सोनी और सुमित जोशी ने निभाया।

**एक नजर** विश्वशान्ति महायज्ञ में आहुति देकर की विश्वशांति की कामना

## आठ दिनी अष्टानिका पर्व का धूमधाम से हुआ समापन

**सोनकच्छ।** स्थानीय जैन मंदिर में चल रहे आठ दिनी अष्ठानिका पर्व श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान के आखिरी दिन समापन अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य प. पवन दीवान के सानिध्य में सुबह से भगवान के कलशाभिषेक व शांतिधारा की गई। पश्चात भगवान महावीर स्वामी की पूजा की गई। जहाँ भक्तो ने भक्तिपूर्वक अर्घ समर्पित किये। जिसके बाद 51 हजार मंत्रों के जाप से प्रतिष्ठित कलश, यंत्र जी व माँ जिनवाणी को विराजमान किया गया। तत्पश्चात पंडित जी द्वारा विश्व शांति महायज्ञ किया गया। जिसमें यज्ञ नायक बनने का सौभाग्य अजय इंद्रा पाटोदी परिवार को प्राप्त हुआ । इस अवसर पर मंत्रोउच्चार के साथ समाज के महिला पुरुषो द्वारा विश्व शांति भावना से महायज्ञ के समापन पर पूर्ण आहुति दी। विश्वशांति के लिए भगवान महावीर से प्रार्थना की गई । मंडल पर विराजमान कलश की बोलियां लगाई गई। जहा समाजजनो को सिद्ध कलश प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। महायज्ञ के बाद श्री सिद्धचक्र मंडल विधान पर मंत्रोउच्चार के बाद समाजजनों ने पुष्पक्षेपण कर पुण्यार्जन किया गया। भगवान को सुसज्जित अर्घ समर्पित किया गया। इन अवसर पे भक्तो ने जीव दया शास्त्र ज्ञान के लिए यथा संभव राशि समर्पित की। आयोजन का संचालन महेंद्र पाटोदी व आभार समाज अध्यक्ष अनिल गंगवाल ने माना। बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुई। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाजजनों द्वारा पिछले आठ दिनों से धर्म की प्रभावना कर रहे प्रतिष्ठाचार्य प.श्री पवन दीवान जी व संगीतकार राकेश जैन व टीम का का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही पर्व के दौरान मंदिर जी मे कार्यरत कर्मचारियों का भी स्वागत सत्कार किया गया।


**कार्यालय नगर पालिका निगम, देवास ( म .प्र .)**

क्रमांक/ 99/स्वास्थ्य स्टोर/ 2025 देवास, दिनांक-02/07/2025

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

स्वास्थ्य स्टोर में लगने वाले सफाई उपकरण प्रदाय करने हेतु एजेंसीज इम्पेनलमेंट हेतु निविदा प्रपत्र ई-निविदा के माध्यम से पंजीकृत फर्म से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. 1. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | विवरण | कुल कार्य लागत (राशि लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD _434620_1 02-07-2025 | स्वास्थ्य स्टोर में लगने वाली सफाई कार्य उपकरण प्रदाय करने हेतु एजेंसीज एम्पेनलमेंट हेतु निविदा प्रपत्र | 12 माह 3000000 लाख | 5000/- 90000/- | 23.07.2021 06.00 पीएम |

01. निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी व शर्ते वेबसाइट https://mptenders.gov.inपर देखी जा सकती है।
02. निविदा सूचना में कोई भी संशोधन केवल वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे एवं समाचार पत्र में नहीं दिये जा सकेंगे।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम देवास